

नवभारत 03
इंदौर, शुक्रवार, 7 नवंबर, 2025

एक नजर में

## रीता गोयल को प्रांतीय सचिव की जिम्मेदारी



**मनावर।** पुरानी पेंशन बहाली राष्ट्रीय आंदोलन (*NMOPS/MP*) के महिला मोर्चा को संगठित करने एवं महिला शिक्षिकाओं की भागीदारी को मजबूती देने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए संगठन ने शासकीय हाई स्कूल बालवारी कला की प्राचार्य श्रीमती रीता गोयल को प्रांतीय सचिव (महिला मोर्चा) के पद पर मनोनीत किया गया है। श्रीमती गोयल का यह मनोनयन संगठन की नारी शक्ति को सशक्त बनाने की दिशा में प्रेरक सिद्ध होगा। वे लंबे समय से शिक्षा जगत व सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं और उनके नेतृत्व से महिला शिक्षिकाओं को एकजुट कर *OPS* आंदोलन को नई दिशा मिलेगी। *NMOPS/MP* संयुक्त मोर्चा व नवीन प्राचार्य संघ, जिला धार की ओर से जिलाध्यक्ष कमल किशोर जाट ने हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि श्रीमती रीता गोयल के अनुभव और संकल्पशक्ति से संगठन को नई ऊंचाई मिलेगी। उनका मनोनयन महिला मोर्चा के लिए प्रेरणादायक है। रीता गोयल जी को शिक्षक शिक्षिकाओं, स्नेहीजनों ने हार्दिक बधाई देते हुए उज्वल कार्यकाल की मंगलकामना की।

## मौरगॉव में रेलवे कार्य मे 20 परिवारों को बिना पुनर्वास किए विस्थापन की प्रक्रिया

### विधायक प्रताप ग्रेवाल और ग्रामीणो ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**सरदारपुर.** तहसील मे रेलवे का कार्य प्रगतिरत है लेकिन ग्राम मौरगॉव मे 20 परिवारो को बिना पुनर्वास किए विस्थापन की प्रक्रिया की जा रही है जिससे ग्रामीण आक्रोशित है गुरूवार को विधायक प्रताप ग्रेवाल और ग्राम मौरगॉव, बोदला, हातोद आदि के ग्रामीणो द्वारा एसडीएम कार्यालय पर पहुचकर रेलवे कार्य से संबंधित विभीन्न मांगो के संबंध मे एसडीएम सलोनी अग्रवाल और तहसीलदार मुकेश बामनिया को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन मे बताया कि बिना विस्थापन प्रक्रिया के मौरगॉव मे 20 परिवारो को विस्थापित किया जा रहा है। रेलवे कार्य मे किसानो की सिंचाई पाईप लाईन को क्षतिग्रस्त होने से उसकी क्षतिपूर्ति नही दी जा रही है ज्ञापन के दौरान ग्राम मौरगॉव, बोदला, हातोद के किसान बडी संख्या मे मौजूद रहे।

## अग्निहोत्री ब्राह्मण समाज का दीपावली मिलन

**धार.** अग्निहोत्री ब्राहमण समाज का दीपावली मिलन समारोह





उत्साहपूर्वक सम्पन्न, प्रतिभाओं और वरिष्ठजनों का हुआ सम्मान बदनावर। नागदा अग्निहोत्री ब्राह्मण समाज बदनावर द्वारा आयोजित वार्षिक दीपावली मिलन एवं सम्मान समारोह हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ, जिसमें क्षेत्रभर से समाजजन बड़ी संख्या में शामिल हुये.

## अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता

**धार** – जिला क्रिकेट एसोसिएशन धार के तत्वावधान में आज अंडर-15 क्रिकेट स्पर्धा के दूसरे दिवस में खंडवा और झाबुआ के मध्य मैच के साथ






प्रारंभ हुआ . कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मनीष दास रीजनल मैनेजर भारतीय स्टेट बैंक धार के साथ कार्यक्रम की अध्यक्षता अंतराष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी श्री कुणाल मकवाना ने की ।अतिथि द्वय का स्वागत जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप जोशी कीका भाई प्रमोद शर्मा ,राम सोलंकी द्वारा स्वागत किया गया ।तत्पश्चात अतिथियों ने समस्त खिलाड्यिां से परिचय प्राप्त किया। आज के मैच में झाबुआ ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 116 रन बनाकर पूरी टीम ऑल आउट हो गई ।जिसमें सर्वाधिक 56 रन समर्थ अरोरा ने बनाए। अथर्व डोरवाल ने दस ओवर में25 रन देकर 5विकेट लिए । लक्ष्य का पीछा करने उतरी झाबुआ की टीम ने 23ओवर 119 रन बनाकर में मैच जीत लिया ।आज मेन ऑफ द मैच अथर्व डोरवाल खंडवा को अजेश माइकल के द्वारा प्रदान किया गया । आज स्पर्धा के दौरान श्री धीरेन्द दिघे उपाध्यक्ष, मोइस रहमान आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे। कल खंडवा एवं खरगोन के मध्य क्रिकेट मैच होगा ।दिनांक 7.11.2025 एवं 8.11.2025को पहला सेमी फाइनल मैच खंडवा एवं खरगोन के मध्य खेला जाएगा। यह जानकारी एवं कार्यक्रम का संचालन एसोसिएशन के प्रवक्ता श्री रामगोपाल शर्मा द्वारा किया गया।

## वन्दे मातरम् गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने पर राष्ट्रगान के सम्मान में जिलेभर में आयोजन होंगे

**धार** ।वन्दे मातरम् गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा जिले के सभी 18 मंडलों में आयोजन होने जा रहे है। शुक्रवार 7 नवंबर को भाजपा जिला कार्यालय परिसर में सामूहिक राष्ट्रगान का आयोजन दोपहर 1 बजे किया जाएगा ।जिसमें पूर्व केंद्रीय मंत्री विक्रम वर्मा नगर के वरिष्ठ नेता पदाधिकारी व भाजपा कार्यकर्ता शामिल होंगे। वन्दे मातरम् अभियान जिला टोली बनाई गई जिसमें संयोजक श्रीमती राखी राय सह संयोजक सुनील मोदी और डॉ बलबहादुर सिंह को बनाया गया है। भाजपा जिला अध्यक्ष महंत निलेश भारती ने कहा कि ऽवन्दे मातरम् केवल गीत नहीं, यह भारत की आत्मा का स्वर है। यही गीत हमारी राष्ट्रीय चेतना और स्वतंत्रता संग्राम की प्रेरणा का स्रोत रहा है।ऽ यह गीत आज़ादी के आंदोलन के दौरान हर भारतीय के हृदय में देशभक्ति की ज्योति प्रज्वलित करने वाला था। आज जब इसके 150 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं, यह हम सबके लिए गर्व और संकल्प का क्षण है कि राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए हम इस गीत के भाव को जन-जन तक पहुँचाएँ। उन्होंने बताया कि भाजपा संगठन द्वारा जिलेभर में ऽवन्दे मातरम् 150 वर्ष गौरव यात्राऽ का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालयों, महाविद्यालयों और जनसभाओं में वन्दे मातरम् गीत के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और राष्ट्रभक्ति के महत्व पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

नवभारत

बदनावर में 'नवभारत' अखबार की प्रति, समाचार व विज्ञापन के लिए संपर्क करें- स्वदेश सिंह पंवार
मो.बा. 96306-42180





# सकलपंच फूलमाली समाज का अन्नकूट महोत्सव

**धार** । फूलमाली समाज ने धार नगर में भगवान श्री रामजी की भव्य शोभायात्रा पोशाक दानदाता मदनलाल पिता भेरुलाल जी के घर झिरन्या अखाड़ा के पास से प्रारंभ हुई ।,

श्रीराम मंदिर पौ चौपाटी से होते हुए नगर के प्रमुख मार्गो से निकली कई सामाजिक संगठनों ने स्वागत सम्मान समाज का कियाझ जिसमे स्वजातीय बंधुओ मातृशक्ति एवं प्रबुद्धजनों ने अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर समाज की संघठित शक्ति का परिचय दिया उसके पश्चात फूलमाली समाज के श्रीराम मंदिर पर समापन हुआ





और पोशाक दानदाता मदनलालजी पिता भेरूलाल जी के द्वारा छप्पन भोग एवं समाज अध्यक्ष माणकचंद्र पटेल नवयूवक मंडल अध्यक्ष ललित डोड महिला मण्डल अध्यक्ष श्री मति मोनिका जी चौधरी सामूहिक विवाह समिति अध्यक्ष दिनेश देवड़ाशिक्षा समिति अध्यक्ष सुनील बल्दिया कोषाध्यक्ष अनिल गेहलोद, हेमंत देवड़ा हीरा मौर्य, राजेश पटेल, योग देवड़ा और समाज के सभी पधाधिकारी एवं समाजजनो भगवानश्री राम दरबार वभगवान विष्णु जी की महाआरती कर धर्म लाभ लिया

उसके पश्चात भवानी माता बाग गार्डन पर मंच पर अतिथि के रूप में रमेशचंद जी चौधरी, पूर्व समाज अध्यक्ष बाबूलाल जी गेहलोत, नंदराम पहलवान, नंदू भाई , दुलीचंद जी बानीवाल, मीना जी डोड, धार नगर पालिका अध्यक्ष, नेहा महेश जी बढ़ाने का स्वागत सम्मान सकल पंच फूल माली समाज अध्यक्ष मानकचंद जी पटेल द्वारा किया गया एवं 10 एवं 12 बोर्ड में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण को प्रोत्साहन और महिला मंडल और नवयुवक मंडल द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रतिभागी भैया बहिन को पुरस्कार वितरण किया गयाओर सम्मान किया गया और अन्नकूट महोत्सव के आयोजन में महप्रसादी का लाभ लिया सभी समाज जनों ने लिया , उक्त जानकारी सकल पंच फूलमाली समाज मीडिया प्रभारी प्रेम रनोजा द्वारा दी गई।



## पैसा एक्ट में प्रस्ताव पारित करने के बावजूद जमीन आवंटित कर दी : विधायक ग्रेवाल

**सरदारपुर** ।पैसा एक्ट के तहत पारित प्रस्ताव के बावजूद ग्राम पंचायत जौलाना की समस्त शासकीय भूमि एन.ई.आर.डी. कार्यालय भोपाल को आवंटित की गई है जिसके कारण विधायक प्रताप ग्रेवाल और ग्रामीणो ने गुरूवार को एसडीएम कार्यालय पहुचकर एसडीएम सलोनी अग्रवाल और तहसीलदार मुकेश बामनिया को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन मे बताया है कि ग्राम पंचायत की आपत्ति के बावजूद शासकीय भूमि का आवंटन कर दिया गया जिससे शासकीय भूमि पर वर्षो से काबिज गरीब आदिवासी भूमिहीन हो गए है साथ ही ग्राम पंचायत भी शासकीय भवनो के निर्माण के लिए भूमिहीन हो गई है। इसके पूर्व मे भी दिनांक 28.11.2024 को ग्राम जौलाना एवं नाहरपुरा के ग्रामीणो द्वारा नायब तहसीलदार, टप्पा तहसील कार्यालय लाबरिया को आवेदन देकर ग्राम जौलाना एवं नाहरपुरा की शासकीय भूमि एन.ई.आर.डी. कार्यालय भोपाल को आवंटित नही करने की मांग की गई थी उसके बावजूद शासकीय भूमि आवंटित कर दी गई जो कि पैसा एक्ट के अनुरूप नही है। ज्ञापन सौंपकर भूमि का आवंटन निरस्त करने की मांग की गई है। इस दौरान बडी संख्या मे ग्राम जौलाना एवं नाहरपुरा के ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# ऋतु संधिकाल में वृद्धजन सतर्क रहें : डॉ. तोमर

**धार** /- शिशिर ऋतु में सूर्य का बल कम होता है तो शरीर का बल बढ़ता है। शरद व शिशिर ऋतु का संधिकाल है अत: हमें सावधान व सतर्क रहना होगा। हमारी जठराग्नि मजबूत होती है। शरीर में नमी कम होती है। ठंड से बचना आवश्यक है। गर्म कपडों का यथासंभव उपयोग करे। अनावश्यक यात्रा से बचे वृद्धजन को अतिरिक्त सतर्कता की आवश्यकता है। कफ व पित्त से बचने के लिए त्रिकुट का?ा का उपयोग कर सकते है। ये विचार भोज शोध संस्थान के स्वास्थ्य सेवा प्रकल्प सुपर 60 प्लस के 92 वे शिविर में डॉ अतुल तोमर ने व्यक्त किए। भोज शोध संस्थान के निदेशक डॉ दीपेंद्र शर्मा ने बताया कि शिविर में त्रिकुट काढा, महानारायण तेल सहित उपयोगी आयुर्वेदिक औषधियों का नि:शुल्क वितरण भी आयुर्वेदिक अस्पताल द्वारा वृद्धजनों को किया गया। वृद्धजन की ओर से रणवीर सिंह चौहान ने डॉ अतुल तोमर का मोतीमाला से स्वागत किया। शिविर में अशोक कुलकर्णी ने भजन, नंदकिशोर उपाध्याय ने कविता पाठ किया। शंकरलाल जाट, रमेश जी ठाकुर व मांगीलाल राठौर ने योगाभ्यास करवाया। शिविर में जांच कार्य सहयोग वालसिंह गोयल, दुर्गेश नागर, गंगाराम रावत दिलीप रावताले का रहा। अंत में पौष्टिक स्वल्पाहार का वितरण किया गया। यह जानकारी मीडिया प्रभारी राकी मक्कड ने दी।







# धार यूथ कांग्रेस में रोहित कामदार की रिकॉर्ड जीत, कार्यकर्ताओं में खुशी

**जिले में सर्वाधिक 6840 वोट मिले, कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मोहन टॉकीज चौराहे पर की आतिशबाजी और नारेबाजी**

**धार।** मध्य प्रदेश यूथ कांग्रेस के चुनाव परिणाम घोषित कर दिए गए हैं, जिसमें रोहित कामदार ने धार जिले में एक बार फिर धमाकेदार वापसी करते हुए जिला अध्यक्ष का पद जीत लिया है। उन्होंने सर्वाधिक मत प्राप्त कर अपनी पुरानी सीट पर पुन: निर्वाचित होकर जिले में अपनी मजबूत पकड़ साबित की है।

सर्वाधिक मतों से विजय - रोहित कामदार को हाल ही में हुए



यूथ कांग्रेस चुनाव में जिले भर से सर्वाधिक 6840 मत प्राप्त हुए हैं। इससे पहले भी वे यूथ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष के पद पर रह चुके हैं। उनकी यह रिकॉर्ड तोड़ जीत जिले के युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच उनकी लोकप्रियता और सक्रीयता को दर्शाती है।रोहित कामदार के जिलाध्यक्ष घोषित होते ही जिले भर में उनके कार्यकर्ताओं और समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। उनकी नियुक्ति पर कार्यकर्ताओं ने कई स्थानों पर जश्न मनाया और आतिशबाजी की। मोहन टॉकीज चौराहे पर देर शाम बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एकत्रित हुए। यूथ कांग्रेस शहर अध्यक्ष अभिनव बिंजवा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी करते हुए आतिशबाजी की।

**यह कार्यकर्ताओं की जीत है**

अपनी जीत पर चर्चा करते हुए नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष रोहित कामदार ने इसे कार्यकर्ताओं की जीत बताया। उन्होंने कहा कि जनता की आवाज यूथ कांग्रेस बनेगी। कामदार ने आगे कहा कि किसानों और पीड़ितों के लिए कांग्रेस हमेशा हर पल तैयार रहेगी और उनके मुद्दों को मजबूती से उठाएगी।

## विश्वकर्मा महापंचायत संगठन के प्रदेश अध्यक्ष बने परमानन्द विश्वकर्मा

**बाग.** सम्पूर्ण मध्यप्रदेश के सभी जिलों मे अध्यक्ष व कार्यकारिणी सदस्य व राष्ट्रीय स्तर पर गठन एक एसा संगठन है जो अपनी पहचान बनाई पूर्व मध्यप्रदेश शासन के विश्वकर्मा कल्याण बोर्ड के केबिनेट मंत्री दर्जा अध्यक्ष विश्वकर्मा महापंचायत संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रेमनारायण विश्वकर्मा ने बहुत ही मिलनसार व पूर्व विश्व हिन्दू परिषद् के जिला अध्यक्ष ,व पूर्व मध्यप्रदेश शासन विश्वकर्मा कल्याण बोर्ड सदस्य * परमानन्द विश्वकर्मा धार को विश्वकर्मा महापंचायत संगठन के प्रदेश अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया प्रदेश मे संगठन को विस्तार व विश्वकर्मा एकता मजबूत होगी ,उक्त जानकारी विश्वकर्मा महापंचायत



संगठन के प्रदेश कार्यालय गंजबासौदा से नियुक्त किया प्रदेश सलाहकार अशोक पॅवार ने दी सभी संगठन के पदाधिकारी ने हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी व राष्ट्रीय अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया।

**एक नजर** रणछोड़ राय मंदिर में देव दीपावली पर हुआ आयोजन

# ब्राह्मण स्वर्णकार समाज का अन्नकूट महोत्सव, भगवान कृष्ण की बनाई आकर्षक रंगोली

**कुक्षी।** स्थानीय रणछोड़ राय मंदिर में छप्पनभोग महोत्सव समिति , ब्राह्मण स्वर्णकार समाज कुक्षी द्वारा देव दीपावली पर्व पर छप्पन भोग दर्शन , एवं अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया गया , जिसमें रणछोड़राय मंदिर को फूलों से आकर्षक रूप से सजाया गया तथा घर पर बने व्यंजनों से छप्पन भोग लगाया गया । इस अवसर पर सर्व स्वर्णकार समाज उपस्थित रहा , साथ ही डही, मनावर , गंधवानी, बाग , डेहरी , इंदौर , जोबट , सहित कई स्थानों से स्वजातीय बंधुओं की सहभागिता रही ।

**भगवान कृष्ण की रंगोली रही आकर्षण का केंद्र :**

अन्नकूट के अवसर पर समाज की डोली जोजावरा ,



अनुजा भजुड़, मनस्वी बाड़मेरा दिशी जारोला, मानसी जारोला , यतिशा , जोजावरा ने भगवान की आकर्षक रंगोली बनाई गई ।जो आकर्षण का केंद्र रही ।

,देव दिवाली के पावन अवसर पर भगवान रणछोड़राय को घर पर बने व्यंजनों से छप्पन भोग लगाए गए जो बाद में श्रद्धालुओं में वितरित कर दिए ।फूलों से हुआ आकर्षक श्रृंगार ,,अन्नकूट महोत्सव के अवसर पर मंदिर परिसर में भव्य फूलों का श्रृंगार किया गया , जो बहुत ही आकर्षक रहा ।

हुआ अन्नकूट , भगवान रणछोड़राय की महा आरती के पश्चात अन्नकूट महा प्रसाद का आयोजन हुआ , जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने अन्नकूट महा प्रसाद का लाभ लिया 24 वर्षों से अनवरत जारी इस महोत्सव में श्रद्धालुओं में अपार उत्साह रहता है , और सभी समाज जन इसमें बढ़चढ़ कर हिस्सा लेते हे , कार्यक्रम को सफल बनाने में , संतोष बाड़मेरा , रणछोड़ जोजावरा , सुभाष मंडोरा , भूपेंद्र सोनी , हीराचन्द बाड़मेरा ,प्रदीप मंडोरा , गोपाल भजुड़, मनीष बाड़मेरा , राजेश हेड़ाऊ , निर्मल सोनी , बसंत काला , प्रवीण जोजावरा , योगेश बड़मेरा , शिवम बाड़मेरा , यश मंडोरा अनिल मंडोरा , कृष्णा बाड़मेरा नमन बाड़मेरा सहित सभी समाज



बंधुओं का सहयोग सराहनीय रहा ।